भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4052**
उत्तर देने की तारीख 18 अगस्त, 2025
27 श्रावण, 1947 (शक)

## भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र / इनडोर स्टेडियम की स्थापना

**4052. श्री राजकुमार रोत:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा किसी जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) प्रशिक्षण केन्द्र / इनडोर स्टेडियम की स्थापना के लिए अपनाए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का जनजातीय बहुल बांसवाड़ा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र (एसटीसी)/ इनडोर स्टेडियम खोलने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो इन्हें कब तक खोले जाने की संभावना है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान बांसवाड़ा और डूंगरपुर निर्वाचन क्षेत्रों में खेल के क्षेत्र के लिए किए गए कार्य और आवंटित बजट का नाम-वार और वर्षवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना और स्टेडियमों के निर्माण सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार अपनी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से उनके प्रयासों में सहायता करती है। धनराशि राज्य-वार नहीं,स्कीम- आवंटित की जाती है। जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारने के लिए, राज्यों में साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) स्थापित किए जाते हैं, जहाँ संबंधित राज्य सरकारों द्वारा खेल अवसंरचना प्रदान की जाती है और उसका प्रबंधन साई द्वारा किया जाता है। तथापि, कुछ एसटीसी में, साई ने आवश्यकतानुसार अपनी अवसंरचना तैयार की है। इसके अतिरिक्त, साई केवल अपने साई केंद्रों में अवसंरचना का निर्माण/उन्नयन करता है।

राज्य सरकारों से समय-समय पर सिफारिशें या प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं, जिनकी मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार जांच की जाती है। डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी)/इंडोर स्टेडियम की स्थापना के लिए राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा, बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों में एक-एक खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) स्थापित किया गया है और इसका विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****